
ब्लैकमेल | मोहरई गांव की घटना, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, दुष्कर्म के मामले में फंसाने की मिल रही थी धमकी

# दोस्त को वीडियो कॉल कर युवक ने की आत्महत्या



**नवभारत, हटा 14 मार्च।** जिले के गैसाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहरई गांव में एक युवक ने अपने दोस्त को वीडियो कॉल कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है.

मृतक रोहित राय वीडियो कॉल में अपने दोस्त को कह रहा है कि गांव का ही घनश्याम अहिरवार नामक युवक उसे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर पैसों की मांग कर रहा है. उसके पास पैसे नहीं है. इसलिए अब वह आत्महत्या करने मजबूर है. युवक की मौत के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची और मृतक के शव को पेड़ से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए हटा पहुंचाया गया है.

### धमकी देने वाले युवक पर कार्रवाई की मांग

मृतक के परिजनों ने इस मामले में धमकी देने वाले युवक पर ठोस कार्रवाई की मांग की है. घटना शनिवार दोपहर 12 बजे की बताई जा रही है. मृतक का नाम 30 वर्षित रोहित राय है. आत्महत्या के पूर्व मृतक ने गले में फांसी का फंद्दा डालकर, पेड़ पर चढ़कर अपने दोस्त का वीडियो कॉल कर समस्या बताई. मृतक रोहित अपने दोस्त से कह रहा है वह दो लाख रुपए घनश्याम अहिरवार को दे चुका है और अब वह 50 हजार रुपए मांग रहा है.

### दोस्त ने समझाने का प्रयास किया

इस दौरान मृतक का दोस्त उसे समझाने का प्रयास करता रहा, लेकिन कुछ देर बाद ही मृतक फांसी का फंद्दा लगाकर पेड़ से कूद गया और अलविदा कह मौत को गले लगा लिया. घटना की जानकारी लगते ही गैसाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए हटा सिविल अस्पताल लाया गया.

### घनश्याम कर रहा था ब्लैकमेल

मृतक के चचेरे भाई बृजेंद्र राय ने बताया कि घनश्याम अहिरवार उनके भाई को दुष्कर्म के मामले फंसाने की धमकी दे रहा था और ब्लैकमेल कर रहा था. उनके भाई ने आत्महत्या के पहले अपना वीडियो भी बनाया है. जिसमें वह 2 लाख रुपए पहले देने की बात कर रहा है और अब 50000 रुपए और घनश्याम अहिरवार द्वारा मांगे जा रहे हैं और ऐसा न करने पर उसे झूठे मामले फसाने की धमकी दी गई. जिसके बाद भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

### पहले भी कर चुका कई लोगों की झूठी रिपोर्ट

मृतक के पिता सुन्दर राय ने बताया कि उनके बेटे ने कचनारी गांव निवासी सत्यम उपाध्याय को वीडियो कॉल कर घटना की पूरी जानकारी दी और वीडियो कॉल में ही बात करते समय फांसी के फंद्दे पर झूल गया. सत्यम ने तत्काल गांव के ही आकाश पटेल को घटना की जानकारी दी और आकाश ने घर आकर उन्हें बताया कि उनका बेटा फांसी के फंद्दे पर झूल गया है. घनश्याम अहिरवार इसके पहले भी कई लोगों पर झूठी रिपोर्ट दर्ज कर चुका है.

### मामले की जांच शुरू कर दी है : थाना प्रभारी

गैसाबाद थाना प्रभारी सौरव शर्मा ने बताया कि मोहित पिता सुंदर राय द्वारा फांसी लगाने का वीडियो वायरल हुआ है. पुलिस द्वारा इस मामले में जांच की जा रही, जो भी साक्ष्य आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी. एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया कि मृतक की आत्महत्या से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. परिजनों के बयान और वीडियो की जांच के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है.

## कुम्हारी में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी

**कुम्हारी नवभारत 14 मार्च।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति नगर सगोनी पंचायत से जुड़े क्षेत्र के आरोग्यम भवन के पीछे अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर कुम्हारी थाना प्रभारी बृजेश पांडे व एएसआई गोविंद सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस जांच में जुट गई है। फिलहाल अज्ञात व्यक्ति की लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई। मौके पर एफएसएल की टीम भी पहुंच गई है। उसके द्वारा सूक्ष्मता से घटना स्थल पर जांच की जा रही है। एफएसएल टीम ने बताया कि लाश दो दिन पुरानी है।



# 50 फिट गहरे कुएं में गिरा नंदी जेसीबी से निकाला बाहर



**नवभारत, दमोह।** वैष्णवी निस्वार्थ गौ-सेवा समिति के ग्रुप में गौ सेवक द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कृष्णा हाइट कॉलोनी के सामने एक खेत में कुएं के अंदर नंदी गिर गए है. सूचना मिलने के बाद में गौ सेवक जान की परवाह ना करते हुए स्वयं को खतरे में डाल के मौके पर पहुंचे और कुएं के अंदर कूंद गए, कुएं के अन्दर जाकर नंदी को पट्टे ओर रस्से से बांधा. कुआं 50 फिट गहरा था और लगभग 20 फुट कुएं में पानी था. पास में एक जेसीबी मशीन खड़ी थी, जिसके सहयोग लिया ओर जेसीबी मशीन में रस्सों को बंध दिया और मशीन से नन्दी को सुरक्षित बाहर निकालने में सफ्लता प्राप्त हुई. इसके बाद वैष्णवी निस्वार्थ गौ सेवा समिति गौ हॉस्पिटल दमोह पुराना थाना ले रहे.

## चार नाबालिग बालिकाओं को किया दस्तयाब

**नवभारत, पटेरा।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में व अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में कार्यवाही तत्परता से की गयी कार्यवाही में चार बालिकाओं को दस्तयाब किया गया। उक्त चारों नाबालिग बालिकाओं को 24 घंटे के अंदर 14 मार्च को तलाश कर दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## एक नजर में

### अज्ञात मृतक की हुई शिनाख्त

**नवभारत, दमोह.** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका महाराणा प्रताप मूर्ति के पास शुक्रवार शाम एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने पर एएसआई रघुराज सिंह ने पहुंचकर शव को उठवाकर जिला अस्पताल में रखवाकर शिनाख्ती शुरू कर दी थी. सोशल मीडिया के माध्यम से फोटो शेयर की गई, जहां परिजनों ने ग्रुप में फोटो देखी तो पता चलने पर परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचकर पुलिस से जानकारी ली. पुलिस ने बताया कि मृतक के पिता सुरेश अहिरवार द्वारा बताया गया कि मृतक सुनील अहिरवार नया बाजार-3 मल्लपुरा दमोह का निवासी है।




### सल्फास खाकर 27 वर्षीय युवक ने दी जान

**नवभारत, दमोह।** सल्फास का सेवन करने पर शशांक पिता मनोज अवस्थी उम्र 27 वर्ष निवासी रेलवे अस्पताल, दमोह को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया था, जहां ड्यूटी रत डॉक्टर ने चेकअप उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की.




### जनगणना के तहत द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत, दमोह।** जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के लिए द्वितीय प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर अनिल राठौर की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस दौरान मकानों पर नंबर अंकित करने सहित अन्य आवश्यक कार्यों के संबंध में भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व, डीपीओ अलका दास, डीपीसी मुकेश द्विवेदी, एनआईसी अधिकारी योगेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।




### नायब तहसीलदार ने सिलेंडर के गोदाम का किया निरीक्षण

**कुम्हारी नवभारत 14 मार्च।** गैस की किल्लत को देखते हुए नायब तहसीलदार ने गैस सिलेंडर के गोदाम का निरीक्षण किया. कुम्हारी पहुंचकर तहसीलदार मानसी अग्रवाल ने गैस सिलेंडर गोदाम के संचालक सौरभ लोधी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्धारित रेट पर ही सिलेंडर आपूर्ति की जाए। उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार से परेशान नहीं किया जाए। घर पर डिलीवरी की जाए और होटल वालों को घरेलू सिलेंडर नहीं दिए जाएं। गोदाम में उपभोक्ताओं के लिए टेंट व पेयजल की व्यवस्था जरूर करें।



### जल और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन की उपस्थिति और दिशा निर्देशन तथा डॉ. मीरा माधुरी महंत व डॉ. राहुल कुमार दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा जागरूकता रैली जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जल गंगा अभियान में सहभागिता रही।

# आमजनों को सर्पदंश से सुरक्षा के बताए गए उपाय

**5 दिवसीय प्रशिक्षण परियोजना का समापन**

**नवभारत, दमोह 14 मार्च।** प्रदेश में सर्पदंश से होने वाली मृत्यु दर को कम करने, समय पर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने तथा आमजन को विभिन्न सांपों की प्रजातियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी सर्पदंश से सुरक्षा परियोजना संचालित की जा रही है।

यह परियोजना मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) के माध्यम से संचालित की जा रही है। इसी क्रम में सर्प अनुसंधान संगठन द्वारा दमोह जिले के प्रतिभागियों के लिए 9 से 13 मार्चतक 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वसंत विहार, नानाखेड़ा, उज्जैन स्थित संस्थान में किया गया।

### जहरीले प्रजाति के सर्पों की पहचान बताई

प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रेस्क्यूअर, मोटिवेटर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को तैयार करना रहा, ताकि सर्पदंश की घटनाओं में त्वरित सहायता और जागरूकता सुनिश्चित की जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में अजीता परमार, डॉ मुकेश इंगले, शिवप्रसाद मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के रूप में केदार भिड़े, राजेश जाट एवं कुंदन पवार ने प्रतिभागियों को सर्पों की पहचान, सुरक्षित बचाव, प्राथमिक उपचार तथा जनजागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।



# हर भारतवासी का सपना, अखंड भारत हो अपना : कोरी

**जटाशंकर कॉलोनी में नौ दिन तक विराजमान होंगी भारत माता**

**नवभारत, दमोह 14 मार्च।** शहर के जटाशंकर कालोनी में हिंदू नववर्ष के शुरुआत और चैत्र नवरात्र में भारत माता की प्रतिमा विराजमान की जाएगी. प्रतिमा विराजमान होने का यह सातवां वर्ष है. खासबात यह है कि इस साल भारत माता की प्रतिमा के साथ-साथ ग्लोबल (पृथ्वी) की झांकी भी सजाई जाएगी. सेवादार भारत माता समिति के सक्रिय युवा तरुण कोरी ने बताया कि लोग अंग्रेजी नववर्ष को उत्साह से मनाते हैं और हिंदू नववर्ष को भूलते जा रहे हैं. लोगों को हिंदू नववर्ष मनाने जागरूक करने और भारत माता के प्रति प्रेम जगाने के उद्देश्य से भारत माता की प्रतिमा की स्थापना वार्ड में शुरू करवाई थी, जो लगातार पांच साल से विराजमान की जा रही है. इस साल सातवां वर्ष है.

### शोभायात्रा के साथ प्रतिमा विसर्जित की जाएगी

प्रतिमा लगभग तैयार हो चुकी है, नौ दिनों तक प्रतिमा विराजमान की जाती है. इसके बाद गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर जलाशय में विसर्जित करवाई जाती है. तरुण कोरी ने बताया कि हर साल जनप्रतिनिधियों, नेताओं, मंत्रियों को आरती महोत्सव में आमंत्रित करते आ रहे हैं. इस बार किन्नर समुदाय को आमंत्रित करने का निर्णय समिति के द्वारा लिया गया और उन्हें आमंत्रित किया गया, जिस पर उन्होंने सहमति दी है.

## किन्नर भारत माता की शोभायात्रा में होंगे शामिल

नवरात्र के प्रथम दिन 19 मार्च को किन्नर भारत माता की शोभायात्रा आगवानी में शामिल होने की सहमति दी. हर दिन अलग-अलग आयोजन प्रतिमा स्थल पर कराए जाएंगे. वार्डवासियों सहित अन्य लोग भी आरती पूजन में शामिल होते हैं. शहर के नया बाजार नंबर-3 (बजरिया वार्ड) महामाया मूर्तिकार देवेंद्र प्रजापति द्वारा ही हर साल मूर्ति तैयार कराई जाती है. एक माह से मूर्तिकार तैयारी शुरू कर रहे हैं. अब तक लगभग प्रतिमा को आकार दिया जा चुका है.

# सरकार जनहित के कार्यों को दे रही प्राथमिकता : लोधी

**राज्यमंत्री ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमि पूजन**

**नवभारत, दमोह 14 मार्च।** निरंतर प्रयास है कि जबेरा विधानसभा क्षेत्र को विकास के हर मापदंड पर प्रदेश की अग्रणी व क्रमांक एक विधानसभा बनाया जाए। क्षेत्र के समग्र विकास, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, सुदृढ़ आधारभूत संरचना और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं।

इस आशय की बात प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोंरता में 1 करोड़ रुपए के उप स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन, सीसी रोड आदि विकास कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन के दौरान कही। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण शामिल रहे।



**स्वास्थ्य केंद्र से ग्रामीण होंगे लाभान्वित**-राज्यमंत्री लोधी ने बताया 65 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित उप-स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया गया। यह स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के ग्रामवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, अब ग्रामीणजनों को प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूरस्थ स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। इस केंद्र के माध्यम से आसपास के कई गांवों के नागरिकों को भी समय पर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सकेगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुलभ व सुदृढ़ होंगी।

**पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए मिलेगी सुविधा**-उन्होंने आगे बताया ग्राम कोंरता में 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। सामुदायिक भवन का निर्माण ग्रामवासियों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण स्थान उपलब्ध कराएगा। इससे गांव में सामाजिक एकता और सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

# आज मनाई जाएगी मां कर्मा देवी की जयंती

**नवभारत, दमोह 14 मार्च।** साहू समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सत्येंद्र तुलाराम साहू सहित सभी पदाधिकारियों ने सभी से अपील करते हुए बताया कि आज रविवार15 मार्च को मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती हर्षोल्लास एवं मां कर्मा की पूजा-अर्चना कर धूमधाम से मनाई जाएगी। नगर में साहू धर्मशाला बड़ापुल में 15 मार्च रविवार हवन पूजन सुबह 8 बजे से, जलूस शोभायात्रा सुबह 9बजे से, सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 12 बजे बजे से प्रसाद वितरण चूल से सपरिवार. भंडारा भोजन दोपहर 12: 30बजे से सम्पन्न होगा। मां भक्त शिरोमणि कर्मा देवी जयंती समारोह सम्पूर्ण जिले में दमोह, रनेह, हिण्डोरिया, हटा, नरसिंहगढ, बटियागढ, तेंदूखेड़ा, अभाना, तेजगड, नोहटा सहित कई जगह व देश प्रदेश में धूमधाम से मनाई जाएगी.



# अभा हास्य कवि सम्मेलन 31 को

**क्रांति संगठन महिला शाखा की बैठक आयोजित**

**नवभारत, दमोह 14 मार्च।** युवक क्रांति संगठन द्वारा 31 मार्च मंगलवार को आयोजित होने वाले अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन की तैयारियों को लेकर स्थानीय अरिहंत रेसिडेंसी में राष्ट्रीय कवियत्री काव्या मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, संयोजिका डॉ. किरण गोस्वामी की अध्यक्षता में महिला शाखा की बैठक संपन्न हुई. इसमें अध्यक्ष प्रीति गौतम ने बताया कि कवि सम्मेलन में जबलपुर हाईकोर्ट की पूर्व न्यायमूर्ति विमला जैन, पूर्व आईएएस सुरेश जैन, पूर्व कलेक्टर प्रभुदयाल मीना मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे है. इस अवसर पर महिला शाखा की शपथ ग्रहण, स्मारिका विमोचन के साथ नगर की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

**नामचीन कवि होंगे शामिल**- कवि सम्मेलन के संयोजक सुधीर विद्यार्थी ने बताया कि प्रमुख कवियों में कुंवर जावेद (राजस्थान), अतुल ज्वाला (इंदौर), भूपेन्द्र राठौर (कोटा), मुकेश मनमौजी (छपारा), डॉ. प्रेरणा ठाकरे (नीमच), डॉ. शुभम् त्यागी (मेरठ), काव्या मिश्रा (मुम्बई), बबीता चैबे (दमोह), को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रेखा सिंघई ने सभी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए किया।

# न्यायालय में लंबित 438 प्रकरणों का किया गया निराकरण

**नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना के 13 प्रकरणों में 11685000 रूपये के अवॉर्ड पारित किये गए**

**नवभारत, दमोह 14 मार्च।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर त्वरित व सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय दमोह तथा तहसील न्यायालय, हटा, पथरिया, तेंदूखेड़ा में सुभाष सोलंकी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में किया गया.

जिला मुख्यालय दमोह पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, सुभाष सोलंकी द्वारा एडीआर भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया. इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश उदय सिंह मरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्नेहा सिंह सहित जिला मुख्यालय दमोह में पदस्थ समस्त न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ के कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार खत्री, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मनीष नगाइच सहित समस्त डिफेंस काउंसिल, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।




### 23 खण्डपीठों का गठन किया गया था गठन

प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, सुभाष सोलंकी ने संबोधित करते हुये कहा कि वर्ष की इस प्रथम लोक अदालत के सफ्ल होने हेतु मोटर दुर्घटना व चेक बाउंस के प्रकरणों की प्रिसिटिंग आयोजित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये थे, जिसके परिपालन में प्रिसिटिंग आयोजित की गयी हैं. प्रकरणों के निराकरण हेतु संपूर्ण जिले में 23 खण्डपीठों का गठन किया गया है.

### कुल 349526973 रूपये के अवॉर्ड पारित किये गये

नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना के 13 प्रकरणों में राशि 11685000 रूपये के अवॉर्ड पारित किये गए और न्यायालयों में लंबित विद्युत के 84, वैवाहिक के 18, चैक अनादरण के 40 व दांडिक के 43 प्रकरणों सहित कुल 438 प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया जाकर कुल 349526973 रूपये के अवॉर्ड पारित किये गये.

## पति-पत्नी में हुआ राजीनामा



यायालय में लंबित भरण पोषण के एक प्रकरण में पत्नी द्वारा पति के विरूद्ध प्रकरण प्रस्तुत कर स्वयं व अपने बच्चे के लिये भरण पोषण राशि की मांग की गई थी. प्रकरण में राजीनामा की गुंजाइश को देखते हुए न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण को लोक अदालत में रखा गया। न्यायालय द्वारा समझाइश दिये जाने पर एवं बच्चे का भविष्य देखते हुए वे एक साथ रहने तैयार हुए और न्यायालय में पति-पत्नी एक दूसरे को माला डालकर विदा हुए. दोनों पक्षों को न्यायाधीश द्वारा स्मृति के रूप में फ्लदार पौधे दिये गये.